Prepp
Your Personal Exams Guide

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी ई एन - 06/2025 - CEN - 06/2025

## एनटीपीसी (स्नातक स्तर) की भर्ती / Recruitment of NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 22/03/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC GRADUATE CBT 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC GRADUATE CBT 1**

**Q.1** **भारत में किस प्रकार की सिंचाई में पौधों के जड़ क्षेत्र में बूंद-बूंद जल पहुंचाया जाता है?**

**Ans**
- ✗ A. फुहारी सिंचाई
- ✗ B. अधोभूमि सिंचाई
- ✓ C. बूंद बूंद सिंचाई
- ✗ D. सतही सिंचाई

**Q.2** **स्वर्णिम चतुर्भुज निम्नलिखित में से किन शहरों को जोड़ता है?**

**Ans**
- ✗ A. दिल्ली, भोपाल, अहमदाबाद, मुंबई
- ✗ B. मुंबई, पुणे, हैदराबाद, बैंगलोर
- ✗ C. चेन्नई, बैंगलोर, हैदराबाद, कोलकाता
- ✓ D. दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता

**Q.3** **अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)**

**Ans**
- ✗ A. GKF
- ✗ B. NRM
- ✓ C. TYS
- ✗ D. YCX

**Q.4** **सात व्यक्ति B, C, D, O, P, Q और R एक गोल मेज के परित: मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। P के बाईं ओर से गणना करने पर, R और P के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C के बाईं ओर से गणना करने पर, C और O के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। P, O के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। B, Q के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। D के बाईं ओर चौथे स्थान पर कौन बैठा है?**

**Ans**
- ✗ A. P
- ✗ B. O
- ✓ C. Q
- ✗ D. B

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.5** दो संकेंद्री वृत्तों की त्रिज्याएँ क्रमशः 15 cm और 17 cm हैं। बड़े वृत्त की उस जीवा की लंबाई ज्ञात कीजिए जो छोटे वृत्त की स्पर्शरेखा है।

**Ans**
- ✔ A. 16 cm
- ✘ B. 30 cm
- ✘ C. 8 cm
- ✘ D. 24 cm

**Q.6** निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) # F * G W # C # Y R & @ W Z @ L & L N % # W (दाएं)

ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक तथा ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

**Ans**
- ✔ A. 3
- ✘ B. 5
- ✘ C. 4
- ✘ D. 2

**Q.7** $\frac{x^{2.5}}{y^{0.5}} \times \sqrt{xy}$ और $\frac{y^{1.5}}{\sqrt{x}} \times \sqrt{xy}$ का लघुत्तम समापवर्त्य तथा महत्तम समापवर्तक क्रमशः____________ और ________ हैं, जहाँ $x$ और $y$ असहभाज्य पूर्णांक हैं, जो 1 से अधिक हैं।

**Ans**
- ✘ A. $x(xy)^2, x$
- ✔ B. $x(xy)^2, 1$
- ✘ C. $y(xy)^2, y$
- ✘ D. $y(xy)^2, 1$

**Q.8** अकबर द्वारा शुरू की गई मनसबदारी व्यवस्था में, मनसब शब्द निम्नलिखित में से किसे संदर्भित करता है?

**Ans**
- ✘ A. मानकीकृत भू-राजस्व निर्धारण
- ✘ B. आध्यात्मिक नेतृत्व कार्यक्रम
- ✔ C. किसी अधिकारी का पद या ओहदा
- ✘ D. राजस्व संग्रह के लिए कैलेंडर

**Q.9** 'राठवा नी घेर (Rathwa Ni Gher)' ___________ के राठवा जनजातीय समुदाय का एक जनजातीय नृत्य है।

**Ans**
- ✘ A. केरल
- ✘ B. हिमाचल प्रदेश
- ✘ C. त्रिपुरा
- ✔ D. गुजरात

**Q.10** भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतु की अवधि क्या है?

**Ans**
- ✘ A. जून से नवंबर
- ✔ B. जून से सितंबर
- ✘ C. जुलाई से दिसंबर
- ✘ D. मई से सितंबर

**Q.11** यदि 8, x और 18 सतत अनुपात में हैं, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. 18
- ✔ B. 12
- ✘ C. 14
- ✘ D. 8

Prepp Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.12 P, Q, R, S, T और U एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
Q किसी अभाज्य क्रमांक वाले तल पर रहता है। Q और R जिन तलों पर रहते हैं, उनका गुणनफल 3 है। P के ऊपर केवल 2 व्यक्ति रहते हैं। S के ठीक नीचे T रहता है। U के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
- ✗ A. 3
- ✗ B. 2
- ✓ C. 1
- ✗ D. 4

Q.13 दिए गए अक्षर-संख्या समूहों में से कौन-सा निम्नलिखित श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
QBL 8 EPZ 16 SDN 24 GRB 32 ?

Ans
- ✓ A. UFP 40
- ✗ B. MSY 42
- ✗ C. KDU 42
- ✗ D. CNE 41

Q.14 S का विवाह R से हुआ है। S, Q का पिता है। Q की एक बहन है जिसका नाम K है और एक भाई है जिसका नाम M है। K का R से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पुत्र
- ✗ B. पत्नी
- ✗ C. पति
- ✓ D. पुत्री

Q.15 दूसरी सदी CE का कौन-सा संगम ग्रंथ, एक पवित्र पत्नी की भक्ति के बारे में एक महाकाव्य है?

Ans
- ✗ A. पत्तुप्पाट्टु (Pattuppattu)
- ✗ B. तोल्काप्पियम (Tolkappiyam)
- ✗ C. मणिमेकलै (Manimekalai)
- ✓ D. शिलप्पादिकारम (Silappatikaram)

Q.16 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी कार, ट्राम हैं। सभी कार, रिक्शा हैं। सभी कार, बस हैं।
निष्कर्ष:
(I) सभी ट्राम, बस हैं।
(II) कुछ बस, रिक्शा हैं।

Ans
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✓ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.17 सात व्यक्ति, K, L, M, N, P, Q और R, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। N के बाएँ से गिनती करने पर R और N के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। L, Q के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। P, Q के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। P, R के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। M, L का निकटतम पड़ोसी नहीं है। K के दाएँ से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. R
- ✗ B. Q
- ✓ C. P
- ✗ D. M

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.18 (-9) - (-56) ÷ (-14) + (-2) × 6 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. -25
- ✘ B. -28
- ✘ C. -24
- ✘ D. -27

Q.19 विशु बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व दिशा में 31 km चलता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 19 km चलता है, फिर बाएं मुड़कर 34 km चलता है। इसके बाद वह फिर बाएं मुड़ता है और 32 km चलता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है, 3 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं)

Ans
- ✘ A. उत्तर की ओर 12 km
- ✔ B. उत्तर की ओर 13 km
- ✘ C. दक्षिण की ओर 13 km
- ✘ D. दक्षिण की ओर 12 km

Q.20 2025 में, भारत को उत्तरदायी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक अग्रणी विचारक के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से ग्लोबल AI कॉन्क्लेव का आयोजन किस शहर में किया गया था?

Ans
- ✘ A. बेंगलुरु
- ✘ B. नई दिल्ली
- ✔ C. चेन्नई
- ✘ D. हैदराबाद

Q.21 1991 के बाद राजकोषीय नीति सुधारों का प्राथमिक लक्ष्य __________ था।

Ans
- ✘ A. कर संग्रह को रोकना
- ✔ B. राजकोषीय घाटे और मुद्रास्फीति को कम करना
- ✘ C. निजी बैंकों पर प्रतिबंध लगाना
- ✘ D. बजटीय घाटे को बढ़ाना

Q.22 2025 में भारतीय शोधकर्ताओं द्वारा प्रदर्शित कौन-सा शल्यक्रिया-पश्चात अंतःक्षेप, उच्च-जोखिम वाले मूत्राशय कैंसर के रोगियों में श्रोणि क्षेत्र में कैंसर पुनरावृत्ति को उल्लेखनीय रूप से कम करने में प्रभावी पाया गया?

Ans
- ✘ A. मूत्राशय के कैंसर के लिए शल्यक्रिया की जगह लक्षित औषध चिकित्सा
- ✘ B. मूत्राशय कैंसर शल्यक्रिया से पहले दी जाने वाली कीमोथेरेपी
- ✔ C. मूत्राशय कैंसर शल्यक्रिया के बाद दी जाने वाली विकिरण चिकित्सा
- ✘ D. शल्यक्रिया के बाद के उपचार के रूप में स्वतंत्र रूप से उपयोग की जाने वाली इम्यूनोथेरेपी

Q.23 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए RAFI का संबंध TELQ से है। इसी प्रकार, NEGL का संबंध PIMT से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, JRTB का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✘ A. KTWE
- ✘ B. ZLKT
- ✔ C. LVZJ
- ✘ D. LVZI

Q.24 गिरीश ने एक परीक्षा में 768 अंक प्राप्त किए जो कि पूर्णांक के 92% से 60 अंक कम थे। उसी परीक्षा में उसके मित्र ने 738 अंक प्राप्त किए। उसके मित्र द्वारा प्राप्त अंकों का प्रतिशत क्या है?

Ans
- ✘ A. 80%
- ✘ B. 81%
- ✘ C. 79%
- ✔ D. 82%

Prepp Your Personal Exam Guide

**Q.25** लेखक और उनकी कृति का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सटीक रूप से सुमेलित है?

**Ans**
- ✗ A. रवीन्द्रनाथ टैगोर – आनंदमठ
- ✗ B. मुंशी प्रेमचंद – मधुशाला
- ✗ C. बंकिम चंद्र चटर्जी – कामायनी
- ✓ D. शरत चंद्र चटर्जी – देवदास

**Q.26** भारत के संविधान के अनुच्छेद 80 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा, राष्ट्रपति द्वारा राज्य-सभा में नियुक्त सदस्यों की संख्या को इंगित करता है?

**Ans**
- ✓ A. बारह
- ✗ B. दस
- ✗ C. बीस
- ✗ D. चौदह

**Q.27** y का वह मान ज्ञात कीजिए, जो $18 \times 7 \times 560 \div \sqrt{3136} = y + 703$ को संतुष्ट करता है।

**Ans**
- ✗ A. 559
- ✗ B. 567
- ✓ C. 557
- ✗ D. 556

**Q.28** एक निश्चित तर्क के अनुसार, 8 का संबंध 41 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 81 का संबंध 406 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 13 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/में से घटाना/के साथ गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है)

**Ans**
- ✗ A. 62
- ✓ B. 66
- ✗ C. 68
- ✗ D. 64

**Q.29** निम्नलिखित रैखिक समीकरणों के निकाय का हल कीजिए।

$$u + v + w = 2$$
$$6u + 4v + 5w = 31$$
$$5u + 2v + 2w = 13$$

**Ans**
- ✗ A. u = 1, v = 15, w = −14
- ✓ B. u = 3, v = −18, w = 17
- ✗ C. u = 1, v = 18, w = −17
- ✗ D. u = 3, v = −15, w = 14

**Q.30** उस इथियोपियाई ज्वालामुखी का नाम क्या है, जो नवंबर 2025 में फटा था?

**Ans**
- ✗ A. मेलिसा (Melissa)
- ✗ B. न्यारागोंगो (Nyiragongo)
- ✓ C. हायली गुब्बी (Hayli Gubbi)
- ✗ D. एर्टा एले (Erta Ale)

**Q.31** 24वें संवैधानिक संशोधन ने संसद को निम्नलिखित में से कौन-सी शक्ति प्रदान की?

**Ans**
- ✓ A. मूल अधिकारों में संशोधन
- ✗ B. निर्वाचन का निलंबन
- ✗ C. उच्च न्यायालय के निर्णय का निलंबन
- ✗ D. न्यायिक पुनर्विलोकन का प्रत्यादेश

Q.32 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है 'A, B की बहन है',
A – B का अर्थ है 'A, B का पति है',
A × B का अर्थ है 'A, B की माता है' और
A ÷ B का अर्थ है 'A, B का भाई है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'K + L – M × N + O' है, तो K का O से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. माता की माता
- ✗ B. माता की बहन
- ✓ C. पिता की बहन
- ✗ D. पिता की माता

Q.33 यदि कोई भारतीय नागरिक संविधान के प्रारंभ के पश्चात स्वेच्छा से किसी विदेशी देश की नागरिकता प्राप्त कर लेता है, तो इसका विधिक परिणाम क्या होता है?

Ans
- ✗ A. दोहरी नागरिकता की अनुमति है
- ✗ B. भारतीय नागरिकता तीन वर्षों के लिए निलंबित कर दी जाती है
- ✗ C. शर्तों के अधीन नागरिकता बरकरार रहती है
- ✓ D. वह भारतीय नागरिक नहीं रहेगा/रहेगी

Q.34 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएँ) L U £ P $ D A Ω F % * N Q & R # Y @ C K * & M (दाएँ)

यदि श्रृंखला से सभी अक्षर हटा दिए जाएँ, तो निम्नलिखित में से कौन-सा, दाएँ से सातवाँ होगा?

Ans
- ✗ A. $
- ✓ B. %
- ✗ C. @
- ✗ D. Ω

Q.35 बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित फाइनल में, भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने निम्नलिखित में से किस टीम को 4-1 से हराकर एशिया कप 2025 का खिताब जीता?

Ans
- ✗ A. जापान
- ✓ B. रिपब्लिक ऑफ कोरिया
- ✗ C. मलेशिया
- ✗ D. पाकिस्तान

Q.36 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'ROAD' को '8657' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है तथा 'DEAR' को '4567' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' का कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 6
- ✓ C. 4
- ✗ D. 7

Q.37 सूत्रीविभाजन में पश्चावस्था-अंत्यावस्था संक्रमण का क्या कार्य है?

Ans
- ✗ A. DNA पुनरावृत्ति की शुरुआत करना
- ✓ B. अर्धगुणसूत्र का पृथक्करण और केंद्रकीय आवरण में सुधार करना
- ✗ C. DNA रज्जुकों का संश्लेषण करना
- ✗ D. गुणसूत्रों का संघनन करना

| | |
|---|---|
| Q.38 | 150 मीटर की दौड़ में R, 6 मीटर के अंतर से S को हरा देता है। 250 मीटर की दौड़ में R, 2 सेकंड के अंतर से S को हरा देता है। इसके अनुसार एक दौड़ में, यदि R, 30 सेकंड तक दौड़ता है, तो वह S को ___________ मीटर के अंतर से हरा देगा। |
| Ans | ✗ A. 5.75<br>✓ B. 6.25<br>✗ C. 7.25<br>✗ D. 6.75 |

| | |
|---|---|
| Q.39 | 97वें संशोधन अधिनियम, 2011 द्वारा जोड़ा गया कौन-सा अनुच्छेद सहकारी समितियों के पेशेवर प्रबंधन को बढ़ावा देता है? |
| Ans | ✗ A. अनुच्छेद 43A<br>✗ B. अनुच्छेद 38<br>✗ C. अनुच्छेद 48A<br>✓ D. अनुच्छेद 43B |

| | |
|---|---|
| Q.40 | रूढ़िगत विकास (traditional development) अर्थशास्त्र में, विकास का अर्थ मुख्य रूप से क्या था? |
| Ans | ✗ A. रोजगार के अवसरों में वृद्धि<br>✓ B. प्रति व्यक्ति वास्तविक आय में वृद्धि<br>✗ C. राष्ट्रीय आय के स्तरों में वृद्धि<br>✗ D. औद्योगिक उत्पादन का विस्तार |

| | |
|---|---|
| Q.41 | एक लंब वृत्तीय शंकु की तिर्यक् ऊंचाई उसकी त्रिज्या की 3 गुना है। एक तल शंकु को आधार की ऊंचाई के समांतर इस तरह से काटता है कि छोटे, ऊपरी शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल मूल शंकु के वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल का आधा हो जाता है। यदि छोटे शंकु का व्यास $6\sqrt{2}$ cm है, तो मूल शंकु की त्रिज्या (cm में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 12<br>✗ B. 3<br>✗ C. 9<br>✓ D. 6 |

| | |
|---|---|
| Q.42 | विंडोज का नवीनतम संस्करण कौन-सा है? |
| Ans | ✗ A. विंडोज 18<br>✗ B. विंडोज 7<br>✗ C. विंडोज 10<br>✓ D. विंडोज 11 |

| | |
|---|---|
| Q.43 | भारत सरकार के किस मंत्रालय ने 2025 में मिशन सुदर्शन चक्र की शुरुआत की? |
| Ans | ✓ A. रक्षा मंत्रालय<br>✗ B. विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय<br>✗ C. गृह मंत्रालय<br>✗ D. इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय |

| | |
|---|---|
| Q.44 | अनार के जिस भाग का उपभोग किया जाता है, उसे किस नाम से जाना जाता है? |
| Ans | ✗ A. फलभित्ति (Pericarp)<br>✗ B. बीजांडासन (Placenta)<br>✗ C. अंतःफलभित्ति (Endocarp)<br>✓ D. बीजावरण (Seed Coat) |

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.45** समूह A में 16 सदस्य, समूह B में 86 सदस्य और समूह C में 21 सदस्य हैं। इन समूहों के सभी सदस्य एक रेस्टोरेंट में गए। समूह A, B और C के प्रत्येक सदस्य पर खर्च की गई औसत राशि क्रमशः ₹447, ₹396 और ₹158 है। प्रति सदस्य खर्च की गई कुल औसत राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 362
- ✘ B. 366
- ✘ C. 367
- ✘ D. 360

**Q.46** पहले हुई भारी वर्षा के बावजूद अगस्त 2025 तक भारत के लगभग 19% हिस्से को सूखे या सूखे जैसी स्थिति का सामना क्यों करना पड़ा?

Ans
- ✘ A. सभी राज्यों में मॉनसून की शुरुआत में देरी हुई।
- ✔ B. तीव्र उत्क्रमण के कारण कई क्षेत्रों में भारी वर्षा की कमी हुई।
- ✘ C. नदियों पर अत्यधिक बांध बनाने से पानी की कमी हो गई।
- ✘ D. असामान्य रूप से उच्च तापमान के कारण वर्षा में कमी हुई।

**Q.47** दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

34 38 46 58 74 ?

Ans
- ✘ A. 98
- ✔ B. 94
- ✘ C. 92
- ✘ D. 96

**Q.48** दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह प्रश्न-चिह्न "?" को प्रतिस्थापित करेगा?
ZOB 6, ETG 10, JYL 14, ODQ 18, ?

Ans
- ✘ A. RHV 24
- ✘ B. THU 22
- ✔ C. TIV 22
- ✘ D. UJW 22

**Q.49** निम्नलिखित द्विघात समीकरण के मूलों की प्रकृति क्या है?

$$x - \frac{1}{x} = 17$$

Ans
- ✘ A. वास्तविक और भिन्न (परिमेय)
- ✘ B. वास्तविक और बराबर
- ✘ C. कोई वास्तविक मूल नहीं
- ✔ D. वास्तविक और भिन्न (अपरिमेय)

**Q.50** A और B एक काम को 20 दिनों में पूरा करते हैं। यदि A अकेले उस काम को 45 दिनों में कर सकता है, तो B अकेले उसी काम का तीन-चौथाई भाग ______________ दिनों में कर सकता है।

Ans
- ✘ A. 81
- ✘ B. 54
- ✘ C. 108
- ✔ D. 27

**Q.51** निम्नलिखित में से किस कानून के अंतर्गत, 1774 में भारत के कलकत्ता में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना को निर्दिष्ट किया गया था?

Ans
- ✘ A. भारत सरकार अधिनियम, 1858
- ✘ B. 1813 का चार्टर अधिनियम
- ✔ C. 1773 का रेगुलेटिंग अधिनियम
- ✘ D. पिट्स इंडिया अधिनियम, 1784

Q.52 निम्नलिखित में से कौन स्वतंत्र भारत के पहले केंद्रीय वित्त मंत्री थे?

Ans

✗ A. राजकुमारी अमृत कौर

✓ B. आर.के. षण्मुखम चेट्टी

✗ C. सरदार बलदेव सिंह

✗ D. डॉ. सी.एच. भाभा

Q.53 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्क पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए, भले ही यह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:

सभी चेयर, टेबल हैं। कुछ टेबल, बोर्ड हैं। कोई भी चेयर, डेस्क नहीं है।

निष्कर्ष:

(I) कुछ बोर्ड, टेबल हैं।

(II) कोई भी टेबल, डेस्क नहीं है।

Ans

✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

✗ C. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।

✓ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.54 तीन दोस्तों X, Y और Z ने 9 : 5 : 2 के अनुपात में निवेश करके एक व्यवसाय शुरू किया। 6 माह बाद, X ने अपनी पूंजी का आधा हिस्सा निकाल लिया। यदि Z द्वारा निवेश की गई राशि ₹83,000 है, तो ₹88,000 के कुल वार्षिक लाभ में से X और Y के बीच लाभ का अंतर क्या है?

Ans

✗ A. ₹10,550

✗ B. ₹12,710

✓ C. ₹11,200

✗ D. ₹10,945

Q.55 गणित की परीक्षा में 11 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंक: 45, 62, 58, 71, 66, 54, 60, 49, 68, 57, 63 हैं। माध्यिका अंक क्या है?

Ans

✓ A. 60

✗ B. 66

✗ C. 54

✗ D. 58

Q.56 निम्नलिखित में से किस अधिनियम ने सबसे पहले विधायी प्रक्रिया में भारतीय प्रतिनिधित्व का प्रावधान किया था?

Ans

✗ A. भारत सरकार अधिनियम, 1858

✗ B. पिट्स इंडिया अधिनियम, 1784

✗ C. चार्टर अधिनियम, 1853

✓ D. भारतीय परिषद अधिनियम, 1861

Q.57 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

95 70 54 45 41 ?

Ans

✗ A. 38

✗ B. 42

✗ C. 44

✓ D. 40

Q.58 एक निश्चित कूट भाषा में, 'REST' को '5729' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'SEAT' को '7625' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 7
- ✓ C. 6
- ✗ D. 2

Q.59 एक व्यक्ति स्थिर जल में 8 km/hr की चाल से नाव चला सकता है जबकि नदी 2 km/hr की चाल से प्रवाहित हो रही हो। उसे गंतव्य तक जाने और वापस आने में 3 घंटे 12 मिनट लगते हैं। गंतव्य तक की दूरी ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 12 km
- ✗ B. 8 km
- ✗ C. 15 km
- ✗ D. 10 km

Q.60 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।

(बाएँ) = N * R ^ S V L ^ W O P Y $ @ H A F ? E R (दाएँ)

ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले और ठीक बाद में एक प्रतीक है?

Ans
- ✓ A. दो
- ✗ B. चार
- ✗ C. एक
- ✗ D. तीन

Q.61 ब्रेड किण्वीकरण के लिए कौन-सी रासायनिक अभिक्रिया उत्तरदायी होती है, जिसमें कार्बन डाइऑक्साइड का उत्पादन होता है?

Ans
- ✗ A. एन्जाइमी अभिक्रिया
- ✓ B. किण्वन
- ✗ C. अम्ल-क्षार अभिक्रिया
- ✗ D. ऑक्सीकरण-अपचयन अभिक्रिया

Q.62 संख्या 22.121212.... को $\frac{p}{q}$ के रूप में लिखें, जहाँ p और q पूर्णांक हैं और $q \neq 0$ है?

Ans
- ✗ A. $\frac{720}{33}$
- ✗ B. $\frac{740}{33}$
- ✗ C. $\frac{710}{33}$
- ✓ D. $\frac{730}{33}$

Q.63 द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1956) के अनुसार, भारतीय सरकार ने अर्थव्यवस्था के किन क्षेत्रकों को सीधे विकसित और प्रबंधित करने का निर्णय लिया?

Ans
- ✗ A. कृषि क्षेत्रक
- ✓ B. भारी उद्योग
- ✗ C. लघु व्यवसाय
- ✗ D. सेवा क्षेत्रक

Q.64 एक गाँव की जनसंख्या 2,90,000 थी। पहले वर्ष में इसमें 15% की वृद्धि हुई और दूसरे वर्ष 20% की वृद्धि हुई। दो वर्ष बाद गाँव की जनसंख्या कितनी होगी?

Ans
✔ A. 4,00,200
✗ B. 3,91,500
✗ C. 3,33,500
✗ D. 3,48,000

Q.65 1830 के दशक में ब्रिटिश हस्तक्षेप के विरूद्ध खासी प्रतिरोध का नेतृत्व किसने किया था?

Ans
✗ A. सिद्धू मुर्मू
✗ B. रानी गाइदिन्ल्यू
✔ C. तिरोत सिंग
✗ D. अल्लूरी सीताराम राजू

Q.66 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।
1. वित्तीय विकेंद्रीकरण पर लॉर्ड मेयो (Lord Mayo) के 1870 के प्रस्ताव में स्थानीय स्वशासन संस्थाओं के विकास की परिकल्पना की गई थी।
2. हॉबहाउस (Hobhouse), विकेंद्रीकरण पर रॉयल कमीशन के अध्यक्ष थे।
3.1919 के भारत सरकार अधिनियम के अंतर्गत, स्थानीय स्वशासन एक आरक्षित विषय बन गया।
उपरोक्त कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?

Ans
✗ A. केवल 2 और 3
✗ B. केवल 1 और 3
✔ C. केवल 1 और 2
✗ D. 1, 2 और 3

Q.67 उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्म-समुच्चयों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

UND : SSB
QXZ : OCX

Ans
✔ A. MHV : KMT
✗ B. TBE : QFB
✗ C. WRK : SWG
✗ D. ZQV : VTR

Q.68 यदि संख्या 6134527 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या के अंतिम और पहले अंकों का योग कितना होगा?

Ans
✗ A. 12
✔ B. 16
✗ C. 14
✗ D. 18

Q.69 किसी वस्तु को उसके अंकित मूल्य के $\frac{3}{10}$ पर बेचने पर अमन को 25% की हानि होती है।
यदि वह उसे उसके मूल अंकित मूल्य के 69% पर बेचता है, तो लाभ प्रतिशत कितना होगा?

Ans
✔ A. 72.5%
✗ B. 75.1%
✗ C. 73.5%
✗ D. 74.1%

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.70 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : MNI :: UVQ : %

Ans
✔ A. # = RSN % = PQL
✘ B. # = OPN % = PBW
✘ C. # = RUN % = IOL
✘ D. # = RJH % = IQL

Q.71 2025 में आयोजित एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC) सम्मेलन में, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वैश्विक एआई शासन निकाय की स्थापना का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्तावित संगठन का नाम क्या है?

Ans
✘ A. अंतर्राष्ट्रीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता संगठन (IAIO)
✔ B. विश्व कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहयोग संगठन (WAICO)
✘ C. ग्लोबल एआई काउंसिल (GAIC)
✘ D. इंटरनेशनल एआई फोरम (IAIF)

Q.72 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके तीसरी संख्या प्राप्त की गई है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त की गई हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में वर्णित संक्रियाओं के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों वाली संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3 + 7 नहीं हो सकती है, क्योंकि दो अंकों वाली संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है)

100 – 50 – 60 – 30 ; 300 – 150 – 160 – 80

Ans
✘ A. 100 – 50 – 40 – 20
✔ B. 80 – 40 – 50 – 25
✘ C. 160 – 80 – 90 – 180
✘ D. 220 – 110 – 120 – 30

Q.73 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ A. BD - EG
✘ B. SU - VX
✘ C. IK - LN
✔ D. LM - NP

Q.74 निम्नलिखित में से कौन-सा शॉर्टकट सक्रिय विंडो का सिस्टम मेनू (system menu) ओपन करता है?

Ans
✘ A. Alt+F4
✘ B. Alt+Tab
✘ C. Alt+Enter
✔ D. Alt+Space

Q.75 कौन-सा अभिलक्षण स्टैटिक रैम (SRAM) को डायनेमिक रैम (DRAM) से सर्वोत्तम रूप से पृथक करता है, जिसके कारण SRAM का उपयोग CPU कैश के लिए और DRAM का उपयोग मुख्य सिस्टम मेमोरी (RAM) के लिए किया जाता है?

Ans
✘ A. DRAM नॉन-वोलेटाइल होती है, जबकि SRAM वोलेटाइल होती है।
✘ B. DRAM सीधे CPU डाई पर स्थित होती है, जबकि SRAM मदरबोर्ड पर स्थित होती है।
✘ C. SRAM को डेटा बनाए रखने के लिए लगातार रिफ्रेश करने की आवश्यकता होती है, जबकि DRAM को नहीं होती है।
✔ D. SRAM, DRAM की तुलना में महत्वपूर्ण रूप से तेज, अधिक महंगी और कम विद्युत की खपत करती है।

Q.76 निम्नलिखित में से कौन-सा देश, दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (ASEAN) का सदस्य नहीं है?

Ans
- ✗ A. म्यांमार
- ✗ B. थाईलैंड
- ✗ C. इंडोनेशिया
- ✓ D. भारत

Q.77 एक व्यापारी किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 5% की छूट देता है और 14 वस्तुएँ खरीदने पर 2 वस्तुएँ निःशुल्क देता है, जिससे उसे सम्पूर्ण लेन-देन में 33% का लाभ प्राप्त होता है। मान लीजिए कि एक ग्राहक 14 वस्तुओं के लिए भुगतान करता है, तो किसी वस्तु का अंकित मूल्य उसके लागत मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक होगा?

Ans
- ✗ A. 58%
- ✗ B. 68%
- ✓ C. 60%
- ✗ D. 52%

Q.78 यदि $(5x-1)^3+(x+3)^3+8(3x-4)^3=6(5x-1)(x+3)(3x-4)$ है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $\frac{3}{4}$
- ✗ B. $\frac{3}{5}$
- ✓ C. $\frac{1}{2}$
- ✗ D. $\frac{1}{4}$

Q.79 F, L, O, W, E, R और S में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिनों में है।
R की परीक्षा गुरुवार को है। F और R के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। S और F के बीच केवल चार व्यक्तियों की परीक्षा है। W की परीक्षा F के बाद किसी एक दिन है। E की परीक्षा O से ठीक पहले वाले दिन है। L की परीक्षा W के बाद किसी एक दिन है।
शुक्रवार को किसकी परीक्षा है?

Ans
- ✗ A. L
- ✓ B. W
- ✗ C. O
- ✗ D. F

Q.80 भौतिक रूप से, एक CPU को एक या एक से अधिक माइक्रोचिप्स पर स्थापित किया जाता है जिन्हें ____________ के रूप में जाना जाता है।

Ans
- ✗ A. कॉम्पैक्ट डिस्क (Compact disks)
- ✗ B. ट्रांजिस्टर (Transistors)
- ✗ C. इंटीग्रेटेड सर्किट (Integrated circuits - IC)
- ✓ D. माइक्रोप्रोसेसर (Microprocessors)

Q.81 यदि 2820 को दो भागों में इस प्रकार बांटा जाए कि पहले भाग का $\frac{1}{5}$ भाग और दूसरे भाग का $\frac{1}{8}$ भाग का अनुपात 3 : 4 हो, तो पहले भाग और दूसरे भाग का अनुपात कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 18 : 19
- ✓ B. 15 : 32
- ✗ C. 17 : 36
- ✗ D. 15 : 37

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.82** यदि किसी शहर की वर्तमान जनसंख्या 450,000 है और जनसंख्या में 25% वार्षिक दर से वृद्धि हो रही है, तो 3 वर्ष पहले और 2 वर्ष पहले की जनसंख्या में धनात्मक अंतर कितना होगा?

**Ans**
- ✗ A. 57950
- ✓ B. 57600
- ✗ C. 56850
- ✗ D. 57050

**Q.83** भारत सरकार द्वारा तेलुगु और कन्नड़ भाषाओं को शास्त्रीय भाषाओं का दर्जा किस वर्ष दिया गया?

**Ans**
- ✗ A. 2006
- ✓ B. 2008
- ✗ C. 2014
- ✗ D. 2004

**Q.84** साधारण ब्याज पर कोई धनराशि किस वार्षिक दर से (प्रतिशत में) 20 वर्षों में स्वयं की दोगुनी हो जाएगी?

**Ans**
- ✗ A. 10
- ✓ B. 5
- ✗ C. 3
- ✗ D. 7

**Q.85** यदि संख्या 749216358 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में बाईं ओर से दूसरे अंक और दाईं ओर से तीसरे अंक का गुणनफल क्या होगा?

**Ans**
- ✗ A. 16
- ✓ B. 24
- ✗ C. 21
- ✗ D. 18

**Q.86** ₹1 लाख या उससे अधिक वार्षिक आय वाली ग्रामीण स्वयं सहायता समूह (SHG) की महिलाओं के लिए किस शब्द का उपयोग किया जाता है?

**Ans**
- ✓ A. लखपति दीदी
- ✗ B. आत्मनिर्भर दीदी
- ✗ C. करोड़पति दीदी
- ✗ D. सहयोगी दीदी

**Q.87** निम्नलिखित में से कौन-सा, बनास संस्कृति का उत्खनित स्थल नहीं था?

**Ans**
- ✗ A. बागोर (Bagor)
- ✗ B. गिलुंड (Gilund)
- ✗ C. अहार (Ahar)
- ✓ D. नागदा (Nagda)

**Q.88** पाइप P एक टैंक का $\frac{5}{9}$ भाग 15 घंटे में भर सकता है और पाइप Q उसी टैंक का $\frac{7}{9}$ भाग 21 घंटे में भर सकता है। P और Q दोनों को 3 घंटे के लिए खुला रखा गया, फिर दोनों को बंद कर दिया गया। फिर पाइप R को खोला गया और उसने टैंक का पानी 4 घंटे में खाली कर दिया। पाइप P, Q और R मिलकर खाली टैंक को कितने समय में भर सकते हैं?

**Ans**
- ✗ A. 58 घंटे
- ✗ B. 42 घंटे
- ✗ C. 57 घंटे
- ✓ D. 54 घंटे

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.89 A, B, C, Q, R और S एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। Q, 5 क्रमांक के तल पर रहता है। B, Q के ऊपर के तल पर रहता है। केवल R, C के नीचे रहता है। A एक सम क्रमांक वाले तल पर रहता है। S के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
- ✔ A. दो
- ✘ B. तीन
- ✘ C. चार
- ✘ D. एक

Q.90 एक दुकानदार ने 32 दर्जन वस्तुएँ ₹102 प्रति दर्जन की दर से खरीदीं। उसने प्रत्येक वस्तु ₹68 की दर से बेची। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 701 %
- ✘ B. 697 %
- ✘ C. 702 %
- ✔ D. 700 %

Q.91 पश्चिमी तटीय मैदान का निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र मुंबई और गोवा के बीच स्थित है?

Ans
- ✘ A. कोरोमंडल तट
- ✘ B. कर्नाटक तट
- ✔ C. कोंकण तट
- ✘ D. मालाबार तट

Q.92 तीन संख्याओं का औसत 20 है। यदि दो संख्याएँ 13 और 22 हैं, तो तीसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 27
- ✔ B. 25
- ✘ C. 24
- ✘ D. 26

Q.93 यदि किसी ठोस अर्धगोले का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 281 $cm^2$ है, तो इसकी त्रिज्या (cm में) ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans
- ✘ A. $\sqrt{\frac{1966}{66}}$
- ✘ B. $\sqrt{\frac{1957}{132}}$
- ✔ C. $\sqrt{\frac{1967}{66}}$
- ✘ D. $\sqrt{\frac{1965}{66}}$

Q.94 दो संपूरक कोणों में से बड़ा कोण, छोटे कोण से 32° अधिक है। छोटे कोण की माप (डिग्री में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 76
- ✘ B. 75
- ✘ C. 81
- ✔ D. 74

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.95** $\frac{\cos\theta}{1+\sin\theta} + \frac{1+\sin\theta}{\cos\theta}$ को सरलीकृत कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 2 cosecθ
- ✗ B. 2 cosθ
- ✗ C. 2 sinθ
- ✓ D. 2 secθ

**Q.96** एक निश्चित तर्क के अनुसार, 17 का संबंध 68 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 24 का संबंध 96 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 21 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/में से घटाना/के साथ गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है)

**Ans**
- ✗ A. 72
- ✗ B. 89
- ✗ C. 77
- ✓ D. 84

**Q.97** निम्नलिखित में से कौन-सा, भारतीय मैदानी इलाकों के भाबर और तराई क्षेत्रों में मुख्य अंतर है?

**Ans**
- ✓ A. मृदा की पारगम्यता और भौम जल की उपलब्धता
- ✗ B. मानव बस्ती के प्रतिरूप
- ✗ C. वर्षा, और पवन की दिशा
- ✗ D. हिमालयी नदियों से प्रभावित

**Q.98** इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर चुनें।
प्रश्न: ऋतु, सीमा, तान्या, उषा और वर्षा ने अलग-अलग अंक प्राप्त किए। सबसे अधिक अंक किसने प्राप्त किए?
(I) तान्या ने ऋतु और सीमा से अधिक लेकिन उषा से कम अंक प्राप्त किए।
(II) वर्षा ने तान्या से अधिक लेकिन उषा से कम अंक प्राप्त किए।

**Ans**
- ✗ A. कथन II में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
- ✗ B. कथन I में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
- ✗ C. कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
- ✓ D. प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त हैं (केवल कथन I या केवल कथन II नहीं)

**Q.99** नल को अधिक चौड़ा खोलने पर जल का प्रवाह अपनी उर्मिहीन गति (smoothness) क्यों छोड़ देता है?

**Ans**
- ✗ A. जल का दाब घटता है।
- ✗ B. जल का तापमान बदलता है।
- ✓ C. बहिर्वाह चाल बढ़ जाती है, जिससे प्रक्षोभ उत्पन्न होता है।
- ✗ D. जल का घनत्व बदलता है।

**Q.100** यदि किसी आंकड़े का बहुलक, उसके माध्य से 33.6 अधिक है, तो बहुलक, माध्यिका से _____ अधिक होगा। (उत्तर ज्ञात करने के लिए मूलानुपाती सूत्र का प्रयोग कीजिए।)

**Ans**
- ✓ A. 22.4
- ✗ B. 19.5
- ✗ C. 20.6
- ✗ D. 23.8

"